कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax &☎ 05964- 225234

पत्रांकः– 1202 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 13 सितम्बर, 2022।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड,
अल्मोड़ा।

विषय– **जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत मूनाकोट में माड़ मर्सोली मोटर मार्ग संगट्टा तक विस्तार कार्य के निर्माण हेतु 0.95 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विषयक प्रस्ताव में सिविल सोयम भूमि में 28 व नाप भूमि में 64 बांज वृक्ष अर्थात कुल 92 बांज वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। अतः उक्त के क्रम में नोडल स्तर से प्राप्त मौखिक निर्देश में वन संरक्षक स्तर से उक्त विषय में टिप्पणी प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। अतः उक्त के क्रम में आप आवश्यक कार्यवाही करने/स्थलीय जांच हेतु तिथि निर्धारण कर इस कार्यालय को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़, वन प्रभाग पिथौरागढ़।